# TECH SCHOOLS



**अपने स्थानीय टेक स्कूल (टैकनोलजी स्कूल) के बारे में और अधिक जानकारी का पता लगाएँ**

## आम सवाल

### टेक स्कूल पहल क्या है?

टेक स्कूल पहल विक्टोरिया की सरकार की प्रतिबद्धता है कि वे शिक्षा राज्य का निर्माण करें और सेकेंडरी विद्यार्थियों को उनके लिए आवश्यक योग्यताओं व ज्ञान के लिए तैयार करें ताकि वे उभरते उद्योगों और भविष्य के करियर अवसरों में प्रवेश कर सकें।

विक्टोरिया की सरकार ने पूरे विक्टोरिया में 10 अत्याधुनिक तकनीक के टेक स्कूल स्थापित करने के लिए $128 मिलियन की राशि और साथ ही 2018 के बजट में $28.6 मिलियन की अतिरिक्त राशि के निवेश की वचनबद्धता दी है। यह अतिरिक्त धन-राशि समय के साथ-साथ टेक स्कूलों पर हाई टेक उपकरण का नवीनीकरण करने की योग्यता प्रदान करेगी और स्कूल तथा समुदाय के प्रयोग के लिए उद्योग से जुड़े विज्ञान, टैकनोलजी, इंजीनियरिंग और गणित (Science, technology, engineering and mathematics - STEM) संबंधी कार्यक्रमों और सुविधाओं तक पहुँच को बढ़ाएगी।

टेक स्कूल नवीनतम टैकनोलजी, खोज और नवप्रवर्तनशीलता का प्रयोग करते हैं ताकि आधुनिक शिक्षा प्रदान की जाए जिसकी ज़रूरत विक्टोरिया के स्कूलों के विद्यार्थियों को तेज़ी से बदलती वैश्विक अर्थ-व्यवस्था में सफल होने के लिए होती है।

टेक स्कूल TAFE या युनिवर्सिटी के कैंपस में निर्मित हैं ताकि विद्यार्थियों को टर्शरी शिक्षा परिसर से परिचित कराने और सेकेंडरी के बाद की शिक्षा एवं प्रशिक्षण में उनके मार्ग को आसान बनाने में मदद दी जा सके।

TAFE या युनिवर्सिटी मेज़बान टेक स्कूल सुविधा-केन्द्र की व्यवस्था करेगा और स्थानीय स्कूलों, स्थानीय सरकार, TAFEs, युनिवर्सिटियों और औद्योगिक सहभागियों से बनी टेक स्कूल समिति से परामर्श लेकर कार्यक्रमों का संचालन करेगा।

### विक्टोरिया को टेक स्कूलों की ज़रूरत क्यों है?

टैकनोलजी हमारी दुनिया को बदल रही है – हर दिन यह और अधिक विश्वव्यापी, स्वचालित, तेज गति वाली और परस्पर संबंद्धित बन रही है। आज के युवाओं को भविष्य के रोज़गार में सफल होने के लिए अलग-अलग प्रकार की योग्यताएँ सीखने की ज़रूरत है।

आज का औसतन 15 वर्षीय स्कूली विद्यार्थी पांच अलग-अलग करियर में 17 नौकरियाँ में काम करने की उम्मीद कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए शीघ्रता से नए विचारों को समझने और उद्योगों तथा व्यवसायों के बीच आसानी से अदला-बदली करने में सक्षम होना ज़रूरी होगा। टेक स्कूलों का निर्माण विक्टोरिया के विद्यार्थियों को अपने प्रतिस्पर्धियों से आगे रखने के लिए किया गया है।

आगे चलकर तेज़ी से विकास कर रहे उद्योगों और व्यवसायों में से तीन-चौथाई उद्योगों और व्यवसायों में STEM संबंधी योग्यताओं और ज्ञान की ज़रूरत होगी, इसलिए विद्यार्थियों को सफल होने के लिए इन आवश्यकताओं की ज़रूरत पड़ेगी।

टेक स्कूल स्थानीय सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वास्तविक स्थानीय उद्योगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए अत्याधुनिक, इमर्सिव, STEM शिक्षण कार्यक्रमों तक पहुँच प्रदान करता है।

विद्यार्थी वास्तविक जीवन की चुनौतियों का सामना करने और भविष्य की नौकरियों के लिए ज़रूरी योग्यताओं का प्रयोग करने के लिए हाई-टेक शिक्षा केन्द्रों में वर्चुअल रियलिटी, रोबोटिक्स, 3D प्रिंटिंग और अन्य टैकनोलोजियों का प्रयोग करते हैं।



THE EDUCATION STATE

VICTORIA State Government

## क्या नए टेक स्कूल 1980 के दशक के तकनीकी स्कूलों से अलग हैं?

टेक स्कूल 1980 के दशक के तकनीकी स्कूलों से अलग शैक्षिक मॉडल हैं। आज के रोज़गार की दुनिया 1980 के दशक से बहुत अलग है, विशेष तौर पर टैकनोलजी द्वारा वर्तमान में निभाई जाने वाली भूमिका और आवश्यक मुख्य STEM योग्यताएँ ताकि विवेचनात्मक तथा रचनात्मक सोच-विचार और समस्या का समाधान करने को प्रोत्साहन दिया जा सके।

विद्यार्थियों का नामांकन उनके स्थानीय सेकेंडरी स्कूल में किया जाता है और वे एक समय में एक या एक से अधिक दिनों के लिए टेक स्कूल के कैंपस पर कक्षाओं में भाग लेते हैं। टेक स्कूल विद्यार्थियों को कार्यक्रमों में भाग लेने और उन हाई-टेक उपकरणों का प्रयोग करने में सक्षम बनाता है जिनतक वे आम-तौर पर पहुँच प्राप्त नहीं कर पाते हैं।

## टेक स्कूल और पारंपरिक सेकेंडरी स्कूलों में क्या अंतर है?

टेक स्कूल पारंपरिक सेकेंडरी स्कूलों से अलग तरीके से संचालन करते हैं। इनके यहाँ नवप्रवर्तनशील और सांझे शिक्षण परिसर मौजूद हैं जिनकी व्यवस्था और संचालन स्थानीय TAFEs तथा युनिवर्सिटियों के द्वारा की जाती है।

टेक स्कूल नामांकन नहीं लेते हैं, और विद्यार्थियों का नामांकन उनके स्थानीय सेकेंडरी स्कूल में ही किया जाता है।

विद्यार्थी टेक स्कूल के कैंपस में कक्षाओं में भाग लेंगे, इस कैंपस का प्रयोग उन विद्यार्थियों के क्षेत्र में आने वाले कई अन्य स्कूलों द्वारा किया जाएगा।

प्रत्येक टेक स्कूल अपने आप में अलग है क्योंकि स्थानीय साझेदार और स्कूली समुदाय उसकी विशिष्टताओं और उनके यहाँ प्रदान किए जाने वाले विषयों को आकार देंगे।

यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि टेक स्कूल ट्रेड ट्रेनिंग या योग्यताएँ प्रदान नहीं करेंगे।

## टेक स्कूल कहाँ स्थित होंगे?

टेक स्कूल पूरे विक्टोरिया में मौजूदा TAFE या युनिवर्सिटियों के कैंपस में स्थित होंगे। टेक स्कूल की सुविधाओं में नए सुविधा-केन्द्र और मौजूदा इमारतों का नवीनीकरण करना शामिल है। स्थानीय साझेदारियों ने प्रत्येक सुविधा-केन्द्र के विस्तृत डिज़ाइन में योगदान दिया है।

**सारणी 1: विक्टोरियाई टेक स्कूलों के स्थान**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Ballarat | Federation University, Central Campus |
| 2 | Banyule Nillumbik | Melbourne Polytechnic, Greensborough Campus |
| 3 | Bendigo | La Trobe University, Flora Hill Campus |
| 4 | Casey | Chisholm Institute, Berwick Campus |
| 5 | Geelong | The Gordon Institute, Central Campus |
| 6 | Gippsland | Federation Training, Morwell Campus |
| 7 | Monash | Monash University, Clayton Campus |
| 8 | Whittlesea | Melbourne Polytechnic, Epping Campus |
| 9 | Wyndham | Victoria University, Werribee Campus |
| 10 | Yarra Ranges | Box Hill Institute, Lilydale Campus |

और अधिक जानकारी के लिए **www.education.vic.gov.au/techschools** वेबसाइट देखें या **tech.schools@edumail.vic.gov.au** पर ई-मेल करें



## टेक स्कूलों का स्वामित्व किसके पास है और इनका संचालन कौन करता है?

टेक स्कूल सुविधा-केन्द्र TAFE या युनिवर्सिटी स्थल के मालिक की संपत्ति है। टेक स्कूल के निरंतर संचालन को संचालन अनुबंध के द्वारा नियमित किया जाता है। यह अनुबंध पक्षों के बीच वित्तीय प्रतिनिधान और संचालनात्मक प्रत्याशाओं, और टेक स्कूल के कर्मचारियों के लिए व्यस्तता और रोज़गार की शर्तों को तय करेगा।

कार्यक्रमों के विकास, पाठ्यक्रम और अन्य गैर-वित्तीय निर्णयों के लिए जिम्मेदारी टेक स्कूल के निर्देशिक द्वारा निर्धारित की जाएगी और इसमें टेक स्कूलों की समिति और स्थानीय साझेदार योगदान देंगे।

## टेक स्कूलों किन-किन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान देते हैं?

प्रत्येक टेक स्कूल किसी विशेष औद्योगिक क्षेत्र पर ध्यान देता है और औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ संपर्क स्थापित करता है ताकि विद्यार्थियों को प्रासंगिक कार्यक्रमों और अग्रणी टैकनोलजी तक पहुँच प्रदान की जा सके।

टेक स्कूलों की स्थिति उन औद्योगिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों को ज्ञान और योग्यताएँ प्रदान करने के लिए विशेष है जिनसे भविष्य में सुदृढ़ आर्थिक और रोज़गार वृद्धि प्रदान करने की उम्मीद की जाती है, इनमें शामिल हैं:

- मेडिकल टैकनोलजी और फॉर्मास्यूटिक्ल्स
- नई ऊर्जा टैकनोलजी
- फूड और फाइबर प्रोसेसिंग
- परिवहन, रक्षा-बल और निर्माण टैकनोलजी
- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा
- व्यवसायिक सेवाएँ।

## मेरा स्थानीय टेक स्कूल किन-किन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान दे रहा है?

प्रत्येक टेक स्कूल द्वारा ध्यान दिए जाने वाले क्षेत्र अलग-अलग होते हैं और इन्हें स्थानीय साझेदारों के साथ संयोजन के रूप में तैयार किया गया है। प्रत्येक टेक स्कूल का शिक्षा विभाग (Department of Education) की वेबसाइट **www.education.vic.gov.au/techschools** पर अपना खुद का सूचना पेज़ है

## टेक स्कूल में कौन भाग ले सकता है?

कक्षा 7 से 12 में पढ़ने वाले वे सेकेंडरी विद्यार्थी और स्कूलों के वे कर्मचारी जिन्होंने कार्यनीतिक अधिकार-पत्र (Strategic Charter) के माध्यम से सहभागिता के लिए हस्ताक्षर किए हैं, वे बिना लागत के टेक स्कूल तक पहुँच प्राप्त करने में सक्षम होंगे। अधिकार-पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रत्येक क्षेत्र के सरकारी, स्वतंत्र और कैथोलिक स्कूल शामिल हैं।

## टेक स्कूलों में भाग लेकर विद्यार्थी किन अन्य योग्यताओं को हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं?

टेक स्कूल विद्यार्थियों की पारस्परिक और रचनात्मक कौशल, तथा शीघ्रता से नए विचारों को समझने की उनकी क्षमता का निर्माण करने पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। इससे वे उद्योगों तथा यहाँ तक कि व्यवसायों के बीच आसानी से स्थानांतरण करने में सक्षम होंगे। इससे संचार, एनालिटिक्स (वैश्लेषिकी), नियोजन एवं सुव्यवस्था, समस्या का समाधान करना, पहल, आत्म-प्रबंधन और टीमवर्क (सामूहिक कार्य) का प्रदर्शन करने के क्षेत्रों में उनकी योग्यताओं को बढ़ाकर नौकरी मिलने की उनकी संभावनाओं में वृद्धि होगी।

## विद्यार्थी किस प्रकार के कार्यक्रमों की उम्मीद कर सकते हैं?

टेक स्कूलों पर प्रदान किए जाने वाले कार्यक्रम सहभागी स्कूलों द्वारा प्रदान किए जाने वाले शिक्षण के साथ संरेखित हैं और इन्हें विक्टोरियाई पाठ्यक्रम के साथ मानचित्रित किया जाता है।

टेक स्कूल कक्षा 7 से 12 के लिए ऐसे कार्यक्रम प्रदान करते हैं जो कई प्रकार के रोचक प्रशिक्षण, काम और उनके भविष्य की करियर संभावनाओं के प्रति उनकी जागरूकता और समझबूझ का निर्माण करने से संबंधित होते हैं। ये शैक्षिक कार्यक्रम और मास्टर क्लासें अग्रणी टैकनोलजी का प्रयोग करके इंटरेक्टिव शिक्षण, और खोज, नवप्रवर्तनशीलता और पूछताछ करके शिक्षा प्राप्त करने पर केन्द्रित शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यस्त रखती हैं।

## सेकेंडरी विद्यार्थियों को टेक स्कूल तक किस स्तर तक पहुँच प्राप्त होगी?

सेकेंडरी विद्यार्थियों के लिए पहुँच एक टेक स्कूल से दूसरे टेक स्कूल तक अलग-अलग होती है और यह विद्यार्थियों की संख्याओं पर निर्भर करती है। टेक स्कूल का निर्देशक टेक स्कूल की समिति और सहभागी स्कूलों के साथ करीबी से काम करता है ताकि एक ऐसी समय-सारणी का निर्माण किया जा सके जो उम्मीदों से मेल खाती हो और इन्हें पूरा करती हो।

टेक स्कूल के कार्यक्रम स्थानीय क्षेत्र के मौजूदा शैक्षिक प्रावधान और प्रशिक्षण मार्गों को पूर्ण करते हैं। वे उन कार्यक्रमों तथा उपकरणों तक पहुँच भी प्रदान करते हैं जिनतक विद्यार्थी आम-तौर पर पहुँच प्राप्त करने में सक्षम नहीं होते हैं।



## प्रत्येक टेक स्कूल के साझेदार कौन हैं?

प्रत्येक टेक स्कूल के साझेदारों की संख्या और इनके प्रकार अलग-अलग होते हैं परन्तु इनमें शामिल हैं: सरकारी, कैथोलिक और स्वतंत्र स्कूल, TAFEs और युनिवर्सिटियाँ, स्थानीय सरकारी, सामुदायिक संस्थाएँ, उद्योग और अन्य रूचिकर समूह।

प्रत्येक स्थल के लिए टेक स्कूल सहभागियों की संपूर्ण सूची **www.education.vic.gov.au/techschools** वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

## क्या सेकेंडरी स्कूल के कार्य-समय के पश्चात व्यापक समुदाय टेक स्कूल का प्रयोग कर सकता है?

TAFE या युनिवर्सिटी प्रत्येक टेक स्कूल सुविधा-केन्द्र की मेज़बान होती है और सहमत विधार्थी कार्य-समय के बाहर इसके प्रयोग को निर्धारित करने की जिम्मेदारी इनकी होती है। यदि कोई समुदाय या अन्य समूह किसी समारोह का आयोजन करने के लिए इस स्थल का प्रयोग करना चाहें, तो उनके लिए इसकी व्यवस्था करने के लिए मेज़बान या सीधे टेक स्कूल के निर्देशक से संपर्क करना ज़रूरी होगा। नि:शुल्क प्रयोग शामिल हो सकता है, जिसका निर्णय लेने का अधिकार मेज़बान को होगा।

## सेकेंडरी स्कूल के शिक्षा कर्मचारी टेक स्कूलों में भाग लेने से क्या प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं?

टेक स्कूल भाग लेने वाले स्कूलों के टीचरों को नई टैकनोलजी, नवप्रवर्तनशील कार्यक्रमों और शिक्षण कार्यनीतियों तक पहुँच प्रदान करते हैं ताकि टीचरों को कक्षा में उनके द्वारा पहले से ही किए जाने वाले काम में सहायता मिल सके।

टीचरों के पास उद्योग और मेज़बान TAFE या युनिवर्सिटी के साथ काम करते हुए STEM के विषयों और वास्तविक दुनिया की समस्याओं में अपने ज्ञान और अपनी रूचि का विस्तार करने का अद्वितीय अवसर भी होता है। टेक स्कूल टीचरों को STEM शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करते हैं ताकि टीचरों को टेक स्कूल पर और वापिस कक्षा में विद्यार्थियों को कार्यक्रम प्रदान करने में सहायता मिल सके।

## उद्योग टेक स्कूलों में कैसे शामिल हैं?


औद्योगिक सहभागिता, सहयोग और साझेदारी टेक स्कूल पहल की सफलता के लिए मुख्य हैं। स्थानीय साझेदारों के बीच निरंतर सहयोग यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक टेक स्कूल का विकास और संचालन स्थानीय ज्ञान, परख और ज़रूरतों द्वारा संचालित है – इसमें भविष्य की नौकरियों और उद्योगों के लिए योग्यताओं तथा प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना शामिल है। टेक स्कूलों की स्थिति उन औद्योगिक क्षेत्रों में विद्यार्थियों को ज्ञान और योग्यताएँ प्रदान करने के लिए विशेष है जिनसे भविष्य में सुदृढ़ आर्थिक और रोज़गार वृद्धि प्रदान करने की उम्मीद की जाती है। प्रत्येक टेक स्कूल ने स्थानीय औद्योगिक साझेदारों के साथ संबंध विकसित किए हैं और ये साझेदार इस पहल में शामिल होकर उत्साहित हैं।

## मैं अपने स्थानीय टेक स्कूल में शामिल होना चाहता हूँ – मैं किससे संपर्क करूँ?

प्रत्येक टेक स्कूल का शिक्षा विभाग (Department of Education) की वेबसाइट पर अपना खुद का सूचना पेज़ है। इन पेज़ों के लिंक, और साथ ही संपर्क जानकारी **www.education.vic.gov.au/techschools** से प्राप्त की जा सकती है।

## मुझे सामान्य तौर पर टेक स्कूलों के बारे में और अधिक जानकारी चाहिए, मैं यह जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?

आप टेक स्कूलों की प्रौजेक्ट टीम से **tech.schools@edumail.vic.gov.au** पर संपर्क कर सकते हैं।





TECH SCHOOLS

THE EDUCATION STATE

VICTORIA State Government

17-0185